जीवन हमारा हमने,
बाबा के नाम कर दिया,
सब कुछ न्योछावर तुझपे,
ओ बाबा श्याम कर दिया,
जीवन हमारा हमने,
बाबा के नाम कर दिया।।

तर्ज तेरी मोहबत ने दिल में मुकाम।

चैन नही हमे रात और दिन,
खाटु वाले श्याम के बिन,
श्याम की याद सताती है,
पल पल मुझे रुलाती है,
बाबा श्याम की पूजा के बिन,
और ना काम किया,
जीवन हमारा हमनें,
बाबा के नाम कर दिया।।

बाबा श्याम की जय जय कर,
खुशियों से तू झोली भर,
अहिलवती का लाला वो,
सबके काम है आया वो,
शीश के दानी गोविन्द ने,
अपना ही नाम दिया,
जीवन हमारा हमनें,

बाबा के नाम कर दिया।।

कृष्ण का है वो अवतारी,
लीला उसकी है न्यारी,
दान में उसने शीश दिया,
काम बड़ा ये उसने किया,
शीश के दानी गोविन्द ने,
अपना ही नाम दिया,
जीवन हमारा हमनें,
बाबा के नाम कर दिया।।

हाथ में जिसके बाँसुरिया,
तन है जिसका केसरिया,
पहने फूलो की माला,
श्याम मेरा खाटु वाला,
सर पे मुकुट सोने का,
सिंहासन रतन जड़ा,
जीवन हमारा हमनें,
बाबा के नाम कर दिया।।

जीवन हमारा हमने,
बाबा के नाम कर दिया,
सब कुछ न्योछावर तुझपे,
ओ बाबा श्याम कर दिया,
जीवन हमारा हमने,
बाबा के नाम कर दिया।।

Source:
https://www.bharattemples.com/jivan-hamara-hamne-baba-ke-naam-kar-diya/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw